प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 13.08.2024 जनपद देवरिया।

गोरखपुर जोन की 72 वीं अन्तर्जनपदीय हाकी (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता- 2024 दिनांक 11.08.2024 से प्रारम्भ होकर दिनांक 13.08.2024 को जनपद सिद्धार्थनगर में समाप्त हुई। प्रतियोगिता में कुल 11 जिलों की टीम ने प्रतिभाग किया। जिसमें जनपद देवरिया की महिला हॉकी टीम ने जनपद सिद्धार्थनगर की महिला हॉकी टीम को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल जनपद देवरिया व जनपद गोण्डा के बीच खेला गया जिसमें ट्राई ब्रेकर में जनपद देवरिया की टीम ने 3-2 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। जनपद देवरिया की तरफ से म0मु0आ0 जया रंजन, म0आ0 कबिता चतुर्बेदी, म0आ0 प्रिया यादव, म0आ0 शीला सिंह, म0आ0 अंजली पाण्डेय, म0आ0 नेहा मौर्या, म0आ0 अर्चना कुशवाहा, म0आ0 सुनीता, म0आ0 नलिनी, म0आ0 कशीश, म0आ0 नीतू व म0आ0 मीना का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा तथा टीम प्रशिक्षक पीटीआई राज नारायण यादव का सराहनीय योगदान रहा।